नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 भारत की सर्दियां पर्यटन का उत्सव है


6 उत्तराखंड पर ग्लेशियर फूटने का खतरा


7 रेपो दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक


10 आंद्रे रसेल ने अपने आईपीएल करियर को कहा 'अलविदा'

# पुलिस के प्रति जनधारणा को बदलें

## रायपुर में तीन दिवसीय डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन में पीएम मोदी ने तय किया रोड मैप




नवभारत न्यूज

**रायपुर, 30 नवंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें प्रवर्तन, पुनर्वास और सामुदायिक स्तर पर हस्तक्षेप को एकीकृत किया जाए.उन्होंने सार्वजनिक धारणा, विशेषकर युवाओं में पुलिस के प्रति नजरिये में बदलाव की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया.इसके लिए उन्होंने सके लिए पेशेवर दक्षता और संवेदनशीलता बढ़ाने तथा शहरी और पर्यटन पुलिसिंग को सशक्त करने की जरूरत पर बल दिया.**

पीएम ने अपने भाषण में वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने पर जोर दिया, जो छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए बहुत अहम है, जो नक्सलवाद के दाग से मुक्त होने के करीब हैं.प्रधानमंत्री मोदी ने रायपुर डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन में पुलिस कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने और विकसित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ढालने का आह्वान किया।

भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने प्रतिबंधित संगठनों की नियमित निगरानी, वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों के समग्र विकास और तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नवीन मॉडलों को अपनाने का आह्वान किया.प्रधानमंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर होते हुए पुलिस के प्रति जनता की धारणा, विशेषकर युवाओं के बीच, बेहतर व्यावसायिकता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के माध्यम से बदलाव लाने की आवश्यकता है.सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, खुफिया ब्यूरो (आईबी) प्रमुख तपन डेका और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के निदेशक प्रवीण सूद और पुलिस प्रमुख शामिल हुए.

### विजन 2047 के लिए पुलिसिंग पर मंथन

सम्मेलन में विजन 2047 के लिए पुलिसिंग की दीर्घकालिक कार्ययोजना, आतंकवाद और कट्टरपंथ के खिलाफ उभरते रुझान, महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, विदेशों में स्थित भारतीय भगोड़ों को वापस लाने की रणनीति और प्रभावी जांच तथा अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने पर चर्चा हुई. बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया.

### आईबी अफसरों को दिए राष्ट्रपति पुलिस पदक

पीएम मोदी ने सम्मेलन में खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक वितरित किये. उन्होंने शहरी पुलिस व्यवस्था में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन शहरों को पुरस्कार भी प्रदान किए, यह सम्मान शहरी पुलिस व्यवस्था में नवाचार और सुधार को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार स्थापित किया गया है.

### अफसर वर्चुअली जुड़े

प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक, साथ ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुखों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया, जबकि देशभर से700 से अधिक अधिकारी वर्चुअल माध्यम से इस सम्मेलन में शामिल हुए. यह महत्वपूर्ण बैठक ऐसे वक्त हुई है जब कुछ सप्ताह पहले एजेंसियों ने एक सफेदपोश आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया.

# ईडी ने 70 करोड़ की 28 संपत्तियां की जब्त

- देशी शराब फर्जी चालान घोटाले में कार्रवाई
- इंदौर, मंदसौर और खरगोन में छापे




नव भारत न्यूज

**इंदौर, 30 नवंबर. शहर में देशी और विदेशी शराब चालानों के फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की. ईडी ने 70 करोड़ की 28 संपत्तियों को जब्त कर लिया है. यह कार्रवाई सरकारी खजाने को हुए करोड़ों रुपए के नुकसान के मामले में की गई.**

इंदौर सब-ज़ोनल कार्यालय ने 28 नवंबर 2025 को देशी शराब फर्जी चालान घोटाले में 28 संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त करने का आदेश जारी किया. इन संपत्तियों में इंदौर, मंदसौर और खरगोन में स्थित फ्लैट और जमीन शामिल हैं. जब्त की गई संपत्तियों का वर्तमान बाजार मूल्य 70 करोड़ रुपये से अधिक बताया है. ईडी की जांच उस एफआईआर पर आधारित है, जो रावजी थाना, इंदौर में विभिन्न शराब ठेकेदारों के खिलाफ दर्ज की गई थी. आरोपियों ने चालानों में धोखाधड़ी कर सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया. जांच में सामने आया कि आरोपियों ने चालानों में अंकों में राशि और शब्दों में राशि के फील्ड का गलत इस्तेमाल किया. पहले उन्होंने कम राशि जमा कर दी. फिर बाद में शब्दों में राशि को बढ़ाकर दाखिल किया और यह चालान संबंधित कंट्री लिकर गोदाम या जिला एक्साइज कार्यालय में जमा करवा कर अतिरिक्त शराब स्टॉक हासिल किया. जांच में यह भी पता चला कि राजू दशवंत, अंश त्रिवेदी और अन्य ठेकेदार इस फर्जीवाड़े में शामिल थे. प्रवर्तन निदेशालय ने पहले ही मुख्य आरोपियों राजू दशवंत और अंश त्रिवेदी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है.

### एक नजर में



#### मध्य मेक्सिको के क्लब में गोलीबारी में छह की मौत

**मेक्सिको सिटी.** मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य के तुला शहर में अज्ञात लोगों के एक बार पर किए हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दस घायल हो गए. सरकारी टेलीविजन प्रसारक फॉर्मूला ने यह जानकारी दी है. प्रसारक ने शनिवार देर रात बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को गंभीर हालत में तुला और पास के शहर टेपेजी के अस्पतालों में ले जाया गया, जहां कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गई.

#### बांग्लादेश में चुनाव के बाद आएगा बदलाव

**नई दिल्ली.** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने बांग्लादेश को मित्र बताते हुए विश्वास व्यक्त किया. कहा कि पड़ोसी देश में फरवरी 2026 में होने वाले संसदीय चुनावों के बाद एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 149वें कोर्स की पासिंग आउट परेड में शामिल होने पुणे पहुंचे नौसेना प्रमुख ने कहा, मैं अभी भी बांग्लादेश को एक दोस्त के अलावा कुछ और कहने से बचूंगा, क्योंकि यह एक अस्थायी दौर हो सकता है.

# तीन भाइयों की कुल्हाड़ी से हत्या

**जमीन के विवाद को लेकर हुआ था विवाद**

**टीकमगढ़ में हुआ खूनी संघर्ष**

**टीकमगढ़, 30 नवंबर. जिले के जतारा थाना क्षेत्र के सिमरा राजनगर गांव में जमीनी विवाद के चलते खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें तीन भाइयों की हत्या कर दी गई और तीन महिलाएं घायल हैं. घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ जिले के सिमरा गांव में खूनी संघर्ष में चतुर्भुज लोधी, बलराम लोधी और परमलाल



लोधी की कुल्हाड़ी डंडों से हत्या कर दी गई है. जबकि मृतक के परिवार की मुन्नी देवी, रेखा लोधी और 8 साल की बेटी स्नेहा घायल है, जिन्हें टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है.

### युवक ने महिला को गोली मार कर ली आत्महत्या

**पन्ना.** अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिन्हाई में घर में अकेली महिला को पहले मारी गोली और फिर स्वयं को गोली मार ली है, जिससे दोनों की मौत हो गई है. लल्लू यादव बाईपास छतरपुर निवासी अजयगढ़ क्षेत्र में भैंसों का व्यापार करता था. रविवार की शाम 4.00 बजे घर में अकेली महिला गीता पति राकेश यादव उम्र 30 वर्ष घर में अकेली थी. तभी लल्लू यादव वहां पहुंचा और देसी कट्टे से महिला के ऊपर फायर कर दिया और फिर उसने अपने ऊपर भी कट्टे से फायर कर आत्महत्या कर ली.

### अमित शाह करेंगे 'स्वदेशोत्सव 2025' का उद्घाटन

**अहमदाबाद, 29 नवंबर.** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुजरात के अहमदाबाद में 'स्वदेशोत्सव 2025' का उद्घाटन पांच दिसंबर को करेंगे.स्वदेशी जागरण मंच सह संयोजक निर्मल पटेल ने बताया कि अहमदाबाद के गुजरात यूनिवर्सिटी ग्राउंड में पांच से नौ दिसंबर के दौरान 'स्वदेशोत्सव 2025' का भव्य आयोजन किया जाएगा.पूज्य संतों के आशीर्वाद के साथ स्वदेशोत्सव 2025 की तैयारियों का शुभारंभ आज भूमि पूजन के साथ डोम और फेब्रिकेशन कार्य का पवित्र प्रारंभ संपन्न हुआ.पटेल ने कहा कि स्वदेशोत्सव संस्कृति, परंपरा और उद्योगशीलता का मंच है.

# दो कारों की टक्कर में 4 की मौत

**श्योपुर के रहने वाले हैं सभी मृतक**

**एक गंभीर घायल का इलाज जारी**



**भोपाल/बैरसिया, 30 नवंबर (वार्ता) राजधानी में शनिवार देर रात बैरसिया के पिपलिया हसनाबाद गांव के पास भीषण सड़क हादसा हो गया. हादसे में श्योपुर जिले के चार लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया.**

जानकारी के अनुसार श्योपुर के पांच लोग कार से भोपाल से लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उनकी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. दूसरी कार के संबंध में पुलिस जांच जारी है.

मृतकों में बालापुरा निवासी मौलाना अनीस, बगवाज के खालिद, बगवाज के ही साजिद और किला श्योपुर निवासी नावेद शामिल हैं. घायल रफाकत गौरी उर्फ किंग को बैरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

मृतक भोपाल में आयोजित ऑल मुस्लिम तंजीम कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे. मौलाना अनीस मदरसा संचालित करते थे, जबकि नावेद पहले ट्रैफिक पुलिस में वार्डन रहे और वर्तमान में किराए की गाड़ी चलाते थे. साजिद और खालिद खेती-किसानी करते थे.

# चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में बढ़ाई एसआईआर की समय-सीमा

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता) चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समय-सीमा एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी है.**

चुनाव आयोग ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि यह संशोधन 1 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि मानकर किया जा रहा है, जिससे आगामी चुनावों से पहले अधिकतम नागरिकों का नाम जुड़ सके और नामावली में पूर्ण शुद्धता सुनिश्चित हो सके. आयोग ने स्पष्ट किया कि यह विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान नामावली को शुद्ध एवं अद्यतन रखने की एक महत्वपूर्ण नियमित प्रक्रिया है. 1 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित करने से इस तारीख या इससे पहले 18 वर्ष पूरे करने वाले सभी नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकरण के पात्र हो जाएंगे. एक सप्ताह की इस वृद्धि का उद्देश्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को घर-घर सत्यापन तथा मतदान केंद्रों के युक्तिकरण की सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए पर्याप्त समय देना है. पहले घोषित कई प्रमुख गतिविधियों की समय-सीमाओं को सात दिन आगे बढ़ा दिया गया है. संशोधित कार्यक्रम में गणना पूरी करने, ड्राफ्ट रोल तैयार करने और अद्यतन सूची के अंतिम प्रकाशन की नयी तारीखें दी गई हैं.

### आईएसआई से जुड़े मॉडल का पर्दाफाश

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता)** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के नेटवर्क से जुड़े तीन कथित आतंकवादियों और वांछित आतंकवादी शहजाद भट्टी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संदिग्धों को तीनों को अलग-अलग राज्यों उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश से पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान आसिफ उर्फ अरिश, हरगनप्रीत सिंह, विकास प्रजापति उर्फ बेटू के तौर पर हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों पर गंभीर आरोप हैं, जिसमें पंजाब के गुरदासपुर में एक थाने पर ग्रेनेड हमले में कथित तौर पर शामिल होना और दूसरे धमाके तथा संदिग्ध गतिविधियां शामिल हैं।

# सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने उठाया एसआईआर का मुद्दा

- कांग्रेस के सचेतक गौरव गोगोई ने दी जानकारी
- आज से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र



**नई दिल्ली, 30 नवंबर (वार्ता) संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विपक्षी दलों ने एसआईआर, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण से सुरक्षा जैसे कई मुद्दे उठाए और कहा कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए.**

सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक गौरव गोगोई ने कहा कि यह पहला मौका है, जब संसद सत्र केवल 19 दिनों का है और इसमें सिर्फ 15 दिन ही चर्चा होनी है. उनका कहना था कि बैठक में उनकी पार्टी ने दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए. इसके साथ ही दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को भी रखा. लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकार का व्यवहार संसद चलने को लेकर उत्साहजनक नहीं है.

### अत्यंत उपयोगी रही सर्व दलीय बैठक : रिजिजू

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सिंह ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की. सरकार ने बताया कि सर्व दलीय बैठक सौहार्दपूर्ण रही है और भरोसा है कि शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में सरकार को सभी दलों का सहयोग मिलेगा. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद कहा कि सभी दलों के सदन के नेताओं के साथ हुई बैठक बहुत अच्छी, अत्यंत उपयोगी और सौहार्दपूर्ण रही. विपक्ष के सभी नेताओं ने सौहार्दपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी और इसके लिए मैं सभी दलों के सदन के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं.

**शिक्षा का प्रसार** | गुणवत्तायुक्त शिक्षा में सांदीपनि विद्यालय को मिल रही है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान : सीएम

# उत्तम शिक्षा के केंद्र बन रहे हैं सांदीपनि विद्यालय






**भोपाल, 30नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है. प्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों ने अपनी उच्च गुणवत्ता के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है.**

सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने के साथ ही उनके कौशल विकास औरउन्हें रोजगार से जोड़ने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है. राज्य में सांदीपनि विद्यालय की शुरुआत वर्ष 2022-23 शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ हुई. इस सत्र में प्रथम चरण में प्रदेश में 274 सांदीपनि विद्यालय शुरू किए गए. इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 3 लाख से ऊपर हो गई है. विद्यालय में केजी-वन से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जा रही है. वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 84 प्रतिशत तक रहा है.स्कूल शिक्षा विभाग ने सांदीपनि विद्यालयों में अधोसंरचना के विस्तार को प्राथमिकता दी है. राज्य में 256 सांदीपनि विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया. विद्यालयों के भवन निर्माण एवं संसाधनों की सुविधा के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की है. अब तक 44 सांदीपनि विद्यालयों के नवीन भवन बनकर तैयार हो गये हैं. इन नवीन भवनों में सांदीपनि विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है.

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिले पुरस्कार

सांदीपनि विद्यालयों ने अपने कुशल संचालन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किए हैं. वर्ष 2024 में सांदीपनि विनोबा विद्यालय रतलाम ने नवाचार श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय संस्था टी-4 एजुकेशन का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया. विद्यालय को पुरस्कार स्वरूप 10 हजार डॉलर राशि प्रदान की गई.

# दंतेवाड़ा में 37 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

- 27 नक्सलियों पर 65 लाख रुपए का इनाम था घोषित
- अधिकारियों ने कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी



**दंतेवाड़ा/रायपुर, 30 नवंबर (वार्ता) छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में रविवार को 37 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया. इनमें 27 नक्सलियों पर 65 लाख रुपए का इनाम घोषित था.**

दंतेवाड़ा जिले की पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आत्म समर्पण करने वाले नक्सली, पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ों में शामिल रहे हैं. कुछ नक्सली ग्राम मिनपा के जंगलों में हुए मुठभेड़ में शामिल थे. यह मुठभेड़ मार्च 2020 में हुई थी, मुठभेड़ में 26 जवानों की शहादत हुई थी तथा 20 जवान घायल हुए थे. इसी तरह मार्च 2020 की नक्सल हिंसा में भी इन नक्सलियों की सक्रिय भूमिका थी.

साल 2024 ग्राम - ग्राम-थूलथूली के मुठभेड़ों में भी ये नक्सली शामिल रहे हैं. कुमली उर्फ अनीता, गीता उर्फ लखमी, रंजन उर्फ सोमा मंडावी, भीमा उर्फ जहाज कमलू पर आठ-आठ लाख रुपयों का इनाम घोषित था. नक्सलियों में इंद्रावती/आमदई/ भैरमगढ़ और मलांगेर एरिया कमेटी के सदस्यों के साथ ही आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों की सूची में नाम उनका भी है, जो लोग पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के सदस्य रहे हैं.